वार्षिक रिपोर्ट 2023-24

एन्ट्रिक्स
ANTRIX

एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड

संदृष्य विवरण

इसरो के सामर्थ्य के पूर्ण उपयोग से भारत में एक सुदृढ़ पारिस्थितिकी का सृजन कर भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की वाणिज्यिक क्षमताओं को उच्चतम सीमाओं तक ले जाना एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व की महत्वपूर्ण कंपनी के रूप में उभरना।

संकल्प विवरण

हमारा संकल्प विश्व भर में स्थापित भारतीय उद्योगों एवं ग्राहकों को भारतीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की पूर्ण क्षमताओं को पूर्ण रूप से समझने के योग्य बनाना है।

एन्ट्रिक्स, अंतरिक्ष क्षेत्र में एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम होने के नाते, भागीदारी/साझेदारी, उद्योगजगत् की बढ़ती सहभागिता एवं अंतरिक्ष-वाणिज्य के लिए मेक इंडिया जैसे अधिमान्य वैश्विक गंतव्य को निम्नप्रकार से मंच प्रदान करने के लिए प्रयासरत है :

- बाज़ार की संभावनाओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी/उत्पादों की पहचान के द्वारा।
- उद्योगजगत् में प्रमुख क्षमता की पहचान के द्वारा।
- वित्तीय लाभ के अर्जन द्वारा।
- राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की पूर्णता द्वारा।
- निजी उद्योगों के साथ वाणिज्यिक एवं तकनीकी सहभागिता की अभिवृद्धि द्वारा।

हम सर्वोत्तम व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाकर और पारिस्थितिक तंत्र के हितधारकों के लिए मूल्य जोड़कर मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

निदेशक-मंडल

कार्यात्मक/पूर्णकालिक निदेशक

श्री संजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)/ निदेशक (वित्त)

अंशकालिक पधाधिकारी/सरकारी नामित निदेशकगण

डॉ. एम. सुब्रमण्यम, संयुक्त सचिव उद्यम नीति और विधि (ई.पी.एल), अ.वि.
श्रीमती जी जयंती, संयुक्त सचिव (वित्त), अं.वि. (31 मार्च 2024 तक)

इसरो नामित निदेशकगण

श्री शांतनु भाटवडेकर
श्री एम. मोहन

स्वतंत्र निदेशकगण

डॉ. अजीत टी. कलघटगी
श्री कमल बाली

सांविधिक लेखा परीक्षक

मेसर्स. ए. जॉन मोरिस एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
नंबर 116/117, 'सुहाश्री'
पहला 'सी' क्रॉस, 5वां ब्लॉक
बनशंकरी तीसरा स्टेज
बेंगलूरु 560 085

बैंकर

केनरा बैंक
आरएमवी एक्सटेंशन शाखा
बेंगलूरु 560 080

भारतीय स्टेट बैंक
डॉलर कॉलोनी शाखा
बेंगलूरु 560 054

पंजीकृत कार्यालय

कॉर्पोरेट कार्यालय
अंतरिक्ष भवन परिसर
न्यू बी.ई.एल रोड के निकट
बेंगलूरु 560 094

CONTENTS

निदेशकगण की रिपोर्ट	1
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर प्रबंधन की प्रतिक्रिया	9
कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट	10
वित्त वर्ष 2022-23 हेतु सी.एस.आर. क्रियाकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट	18
स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	26
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट से संबंधित अनुलग्नक 'क'	32
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट से संबंधित अनुलग्नक 'ख'	36
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट से संबंधित अनुलग्नक 'ग'	38
नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की प्रारूपित टिप्पणी	39
तुलनपत्र	41
लाभ तथा हानि लेखा	43
नकद प्रवाह विवरण	44
एक्विटी में परिवर्तन के विवरण	46
वित्तीय विवरणी हेतु नोट	47
वित्तीय विवरण के भाग के रूप में अन्य नोट	89

निदेशकगण की रिपोर्ट

आपके निदेशकगण 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा के लेखापरीक्षित विवरण, लेखापरीक्षक की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी.ए.जी) की टिप्पणी सहित **बत्तीसवीं** वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं।

कार्य निष्पादन संबंधी प्रमुख विशेषताएँ

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी का व्यापार ₹ 9,197.69 लाख रहा, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 3,816.10 लाख था। करोपरांत लाभ ₹ 6,287.74 लाख रहा, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 4,854.22 लाख था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वाणिज्यिक अंग के रूप में आपकी कंपनी अंतरिक्ष तकनीक को वाणिज्यिक उपयोग में लाती रही है जिसके परिणामस्वरूप भारतीय ग्राहक नवोन्नत मनोरंजन, प्रौद्योगिकी तथा अन्य उपयोगों का आनन्द उठा रहे हैं।

उपग्रह संचार (सैटकॉम) प्रेषानुकर सेवाएँ

भौगोलिक रूप से फैले हुए भारत जैसे देश के सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में उपग्रह संचार व्यवस्था से प्रसारण प्रदान किया जा सकता है। उपग्रह प्रौद्योगिकी के अनोखेपन और लाभ का कोई विकल्प नहीं है। यह निर्णायक राष्ट्रव्यापी संचार संरचना की अभिवृद्धि और जहाँ भौतिक प्रसारण या अन्य प्रकार का संयोजन संभव नहीं है, के अंतर की भरपाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सैटकॉम के अनुप्रयोग जैसे दूरदर्शन, डीटीएच, डीएसएनजी, वीसैट दूरभाष सेवाएँ, पश्च वहन, गतिशीलता आदि ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।

कंपनी ने विभिन्न भारतीय उपयोगकर्ताओं को सी बैंड क्षमता पट्टे पर देने के लिए विदेशी उपग्रह प्रचालकों के साथ समझौते किए हैं। इसके अलावा, एन्ट्रिक्स को भारत में अपनी उपग्रह सी बैंड क्षमता का पुनर्विक्रेता बनने के लिए अन्य विदेशी प्रचालकों के साथ बातचीत चल रही है।

आपकी कंपनी ने अंतरिक्ष खंड प्रभार से व्यापार में हुई भारी कमी को देखा है जिस कारण कंपनी के राजस्व और लाभ पर सीधा प्रभाव पड़ा है। व्यापार अंतरिक्ष खंड प्रभार में कमी की इस प्रवृत्ति के कारण कंपनी के भविष्य के राजस्व और लाभ पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। आपकी कंपनी ने सामरिक प्रयोक्ताओं के लिए अंतरिक्ष आधारित स्वचालित पहचान प्रणाली (ए.आइ.एस) प्रदान करना जारी रखा है। आपकी कंपनी नए सामरिक प्रयोक्ताओं के लिए भी अंतरिक्ष आधारित ए.आइ.एस के आपूर्ति हेतु प्रयास कर रही है।

उपग्रह मिशन सहायक सेवाएँ

आपकी कंपनी विश्व भर में प्रतिष्ठित ग्राहकों को उपग्रह प्रचालन के लिए दूरमिति, अनुवर्तन तथा आदेश (टी.टी.सी), प्रमोचन एवं पूर्व कक्ष चरण (एल.ई.ओ. पी) एवं उपग्रह/प्रमोचन संचालन हेतु अन्य संबंधित सेवाएँ प्रदान करती रही है।

उपग्रह प्रणाली, नौवहन एवं परीक्षण सेवाएँ

आपकी कंपनी, देश में नाविक आधारित उपयोग के लिए नाविक सी+ गगन/जीपीएस अभिग्राही प्रतिरूपक, नाविक मात्र एसपीएस अभिग्राही प्रतिरूपक एवं नाविक मात्र निष्क्रिय एंटिना की आपूर्ति कर अपना पहल जारी रखे हुए है।

आपकी कंपनी एक रणनीतिक ग्राहक को परीक्षण सेवाएं भी प्रदान कर रही है तथा उप-प्रणालियों, उपग्रह प्रणालियों और परीक्षण सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित व्यवसाय विकास के अवसर भी तलाश रही है।

प्रमोचन सेवाएँ एवं अवसंरचना परियोजनाएँ

आपकी कंपनी, अंतरिक्ष क्षेत्र में हो रहे विनियमन के परिणामस्वरूप विभिन्न भारतीय कंपनियों एवं नवोदित प्रतिष्ठानों के साथ प्रमोचन/उपग्रह उपप्रणाली की आपूर्ति से जुड़े व्यापार विकास की संभावनाएँ तलाश रही है।

आइ.आर.एस संबंधी क्रियाकलाप

आपकी कंपनी रिसोर्ससैट-2 उपग्रह से अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों की पृथ्वी अवलोकन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय सुदूर संवेदन (आई.आर.एस) उपग्रह समूह के लिए उपग्रह आँकड़ा उत्पादों और अधोकड़ी सेवाओं का विपणन कर रही है। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी वैश्विक और भारतीय ग्राहकों को भू-स्थानिक और संबद्ध सेवाएँ और क्षमता निर्माण प्रदान करने के अवसर तलाश रही है।

विशेष प्रयोक्ताओं को वी.एच.आर आँकड़े प्रदान करना

आपकी कंपनी, जहाँ घरेलू क्षमता उपलब्ध नहीं है, विदेशी उपग्रह प्रचालकों से सामरिक प्रयोक्ताओं को अति उच्च विभेदन (वी.एच.आर) आँकड़े प्रदान करती रही है। इसके अलावा, आपकी कंपनी सामरिक प्रयोक्ताओं की दीर्घकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने पर भी ध्यान दे रही है।

दौरों का विनिमय

समीक्षावधि के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि ने व्यापारिक परिचर्चा एवं व्यापारिक संभावनाएँ तलाशने हेतु एन्ट्रिक्स का दौरा किया।

लाभांश

आपकी कंपनी, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सी.पी.एस.ई) होने के नाते, पूँजी पुनर्रचना हेतु निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डी.आइ.पी.ए.एम) के पत्रांक 5/2/2016-नीति दिनांक 27 मई, 2016 द्वारा जारी दिशानिर्देश का अनुसरण करती है। दिशानिर्देश यह इंगित करते हैं कि प्रत्येक सी.पी.एस.ई अपने करोपरान्त लाभ का कम-से-कम 30% या कुल संपत्ति का 5%, जो भी वर्तमान कानूनी प्रावधानों के तहत महत्तम लाभांश हो, वार्षिक लाभांश के तौर पर भुगतान करेगा।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 27 मई 2016 के कार्यालय ज्ञापन सं. एफ/5/2/2015-नीति के अनुरूप, आपके निदेशकगण ₹ 680 लाख के प्रदत्त एक्विटी शेयर पूँजी पर ₹ 7,380 लाख (पिछले वर्ष ₹ 7,434 लाख) लाभांश के तौर पर दिए जाने की सहर्ष अनुशंसा करते हैं। यह 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुके वर्ष के लिए करोपरांत लाभ का 117.37% इंगित करता है।

रिज़र्व में स्थानांतरित

वर्ष के दौरान, कंपनी, सामान्य रिज़र्व में कोई भी धनराशि अंतरित करने का प्रस्ताव नहीं रखती है।

वित्तीय परिणाम

वित्तीय परिणाम	31.03.24 को समाप्त हुए वर्ष के लिए (₹ लाख में)	31.03.23 को समाप्त हुए वर्ष के लिए (₹ लाख में)
कुल आय	17,484.71	11,592.92
कुल व्यय	8,979.05	5,023.21
मूल्यह्रास एवं कर पश्चात् लाभ	**8,505.66**	**6,569.71**
घटाइए: मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	55.47	78.51
घटाइए: कराधान के लिए प्रावधान	2104.16	1,366.89
घटाइए: आस्थगित कर	58.29	270.09
वर्ष के लिए कर पश्चात् लाभ	**6,287.74**	**4,854.22**
अन्य व्यापक आय/(हानि)	(1.58)	1.19
कुल व्यापक आय	**6,286.16**	**4,855.41**
पुनर्वियोजन हेतु उपलब्ध लाभ	**6,286.16**	**2,505.17**

आगामी दृष्टिकोण

आपकी कंपनी व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न व्यावसायिक अवसरों की खोज कर रही है। भारतीय अंतरिक्ष नीति का उद्देश्य अंतरिक्ष क्षेत्र में अंत-से-अंत तक की गतिविधियों को अंजाम देने में गैर-सरकारी संस्थाओं की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है। आपकी कंपनी अपने उपलब्ध संसाधनों के साथ विदेशी और भारतीय दोनों व्यवसायियों के साथ संभावित सहयोग के माध्यम से उभरते व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने की उम्मीद करती है ताकि व्यवसाय का विस्तार किया जा सके।

सैटकॉम व्यवसाय क्षेत्र में, टी.वी और डी.एस.एन.जी के लिए सी बैंड क्षमता का प्रावधान एक खुला बाजार है और एन्ट्रिक्स विदेशी सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग करने का प्रयास कर रहा है ताकि वे भारत में घरेलू उपयोगकर्ताओं को अपनी सी बैंड क्षमता का विपणन और पुनर्विक्रय कर सकें।

कंपनी ने विदेशी उपग्रह प्रचालकों से विभिन्न घरेलू उपयोगकर्ताओं को अंतरिक्ष आधारित आँकड़े (प्रकाशिक आँकड़े, सार आँकड़े, आर.एफ जी.ई.ओ आँकड़े, ए.आइ.एस आँकड़े, आदि) की आपूर्ति में अच्छी प्रगति की है।

अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों के बाद सैटकॉम और ई.ओ आँकड़े, क्षेत्र में विभिन्न अवसर उभरने की उम्मीद है और आपकी कंपनी विभिन्न उपयोगकर्ताओं को मूल्यवर्धित सेवाएँ प्रदान करने के अवसरों की भी खोज कर रही है।

आपकी कंपनी को आशा है कि निकट भविष्य में ठोस व्यावसायिक अवसर सामने आएँगे और कंपनी अपने व्यवसाय का विस्तार करने में सक्षम होगी।

निदेशकगण

यह कंपनी, भारत सरकार की है और निदेशकों की नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति, प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा की जाती है।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी के मंडल में सात (7) निदेशकगण शामिल हैं अर्थात् एक प्रकार्यात्मक निदेशक, दो सरकार द्वारा नामित निदेशकगण, दो ग़ैर-सरकारी अंशकालिक (इसरो नामित) निदेशकगण एवं दो ग़ैर-सरकारी अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशकगण, सभी भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के विशद अनुभव वाली नामी हस्तियाँ हैं।

अपनी अधिवर्षिता के परिणामस्वरूप दिनांक 1 अप्रैल, 2024 से श्रीमती जी जयंती, कंपनी की सरकारी नामित निदेशक के रूप में सेवाएँ नहीं दे पाएँगी।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अंतर्गत आवश्यकता के अनुसरण में, निदेशकमंडल, अपने उत्तम ज्ञान और योग्यता के आधार पर यह पुष्ट करते हैं कि:

i. वार्षिक लेखा की तैयारी में तात्विक विचलन के संबंध में समुचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखा मानकों का अनुपालन किया गया है;

ii. निदेशकों ने ऐसी लेखाविधि नीतियों का चयन किया है तथा उनको एकरूपता से लागू किया है और निर्णय लिए हैं एवं आकलन किए हैं जो उपयुक्त एवं विवेकपूर्ण थे ताकि वित्तीय वर्ष अर्थात् 31 मार्च, 2024 के अंत में कंपनी से संबंधित मामले की स्थिति तथा उस तिथि को समाप्त हो रहे वर्ष के लिए कंपनी के लाभ के बारे में कंपनी की सच्ची और सही स्थिति प्रस्तुत की जा सके ।

iii. निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने और बेईमानी का पता लगाने हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार लेखा संबंधी अभिलेखों के पर्याप्त अनुरक्षण हेतु समुचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती है;

iv. निदेशकों ने "जारी व्यापार" के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किए हैं;

v. निदेशकों ने लागू होने वाले सभी कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रणाली की संरचना की है और ऐसी प्रणालियाँ पर्याप्त रही हैं और प्रभावशाली ढंग से काम कर रही हैं।

कॉर्पोरेट शासन

कॉर्पोरेट शासन संहिता पर कंपनी की स्थितिप्रज्ञता

सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशानिर्देशों का अनुसरण और अच्छे कॉर्पोरेट शासन हेतु कंपनी समकालीन माँग के साथ कंपनी के प्रत्येक निर्णय में कॉर्पोरेट शासन के मूल सिद्धांत और दर्शन का अक्षरशः पालन किया जाता है। कंपनी में, मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन हेतु आचार संहिता और नैतिकता लागू की गई है। वार्षिक आधार पर सभी संबंधित सदस्यों द्वारा संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया गया है। मुख्य कार्यकारी द्वारा इस निमित्त की गई घोषणा इस रिपोर्ट का हिस्सा है।

कॉर्पोरेट शासन पर एक विस्तृत रिपोर्ट इस रिपोर्ट का हिस्सा है। सी.पी.एस.ई के पुनरीक्षित वर्गीकरण मानक के अनुरूप डी.डी.ई द्वारा जारी कॉर्पोरेट शासन पर दिशानिर्देशों के अनुपालन के मामले में, आपकी कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 'उत्कृष्ट' श्रेणी मिलने के आसार है।

संबंधित पक्ष अंतरण

भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी भारतीय लेखा मानक-24 के अनुसार संबंधित पक्ष अंतरण का प्रकटीकरण, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक लेखा का हिस्सा बनने वाले नोट्स की नोट संख्या 35 में दिया गया है।

सतर्कता प्रक्रिया

मंडल द्वारा अनुमोदित सूचना प्रदाता नीति अपनाई जा रही है। यह कॉर्पोरेट शासन को सबल बनाने के लिए कंपनी द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं उनकी पर्याप्तता

कंपनी ने वित्तीय उपयुक्तता के सभी मापदंडों को पूरा करने के लिए आवश्यक आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की स्थापना की है । हम मानते हैं कि आंतरिक नियंत्रण एवं जोखिम प्रबंधन शासन-सिद्धान्त लागू करने के लिए आवश्यक पूर्वापेक्षा है । हमारे पास प्रभावशाली आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है जो यह सुनिश्चित करती है कि हमारी सभी परिसंपत्तियाँ नुकसान से सुरक्षित और संरक्षित है।

रिपोर्ट के तहत वर्ष के दौरान आंतरिक लेखा परीक्षा करने के लिए एक बाह्य लेखा परीक्षा प्रतिष्ठान मेसर्स राव एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार को नियुक्त किया गया था। इससे प्रणाली और नियंत्रण की पर्याप्तता सुनिश्चित करने में मदद मिली है। मंडल द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षा समिति द्वारा उनकी रिपोर्ट की आगे समीक्षा की गई। आंतरिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट और शुरू की गई सुधारात्मक कार्रवाइयों पर प्रबंधन के साथ चर्चा की जाती है और मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा उनकी समीक्षा की जाती है। लेखा परीक्षा समिति आंतरिक नियंत्रण की पर्याप्तता और प्रभावशीलता की भी समीक्षा करती है।

लेखापरीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट में प्रतिवेदन-काल के दौरान किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी का उल्लेख नहीं किया है।

मंडल की बैठक की संख्या

विवरण कॉर्पोरेट शासन की रिपोर्ट में दिया गया है ।

मंडल-समिति

कंपनी की नीतियों एवं लक्ष्यों का अनुसरण करते हुए इसकी विधिवत् गठित मंडल-स्तरीय उप समितियाँ नियमित रूप से बैठकों में विचार-विमर्श करके कंपनी को मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। समिति की बैठकों के विस्तृत विवरण कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट में संलग्न हैं।

मंडल एवं सामान्य बैठकों में सचिवालयीन मानकों का अनुपालन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 118 (10) की शर्तों के आधार पर, कंपनी, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा वर्णित तथा केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत सचिवालयीन मानक 1 और 2 का क्रमशः मंडल की बैठक तथा सामान्य बैठक के लिए लागू करती है।

कंपनी ने, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए सचिवालयीन मानक 3 को लाभांश के लिए और सचिवालयीन मानक 4 को निदेशक-मंडल की रिपोर्ट के लिए स्वैच्छिक रूप से अपनाया है।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रकटीकरण

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और उसके तहत नियमों के प्रावधानों के अनुसार, आपकी कंपनी में एक आंतरिक समिति (आइ.सी) स्थापित है। कंपनी की आइ.सी नीति कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के खिलाफ़ सुरक्षा और ऐसी शिकायतों की रोकथाम और निवारण का प्रावधान करती है।

इस अवधि के दौरान आइ.सी की दो बैठकें आयोजित की गईं। अधिनियम के अनुसार वार्षिक विवरणी स्थानीय शिकायत समिति के पास दाखिल की गई। वर्ष के दौरान कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

इसके अलावा, वर्ष के दौरान आइ.सी के सदस्यों के लिए क्षमता और कौशल निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं दीर्घकालीन विकास (सी.एस.आर एवं एस.डी)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुपालन में तथा कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम 2014 के अनुसार, कंपनी ने एक सी.एस.आर नीति विकसित की है। सी.एस.आर और एस.डी समिति सी.एस.आर पहल के भाग के रूप में कार्यान्वयन के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा करने और उन्हें मंजूरी देने के लिए समय-समय पर बैठक करती है तथा चल रही परियोजनाओं के कामकाज/प्रगति की निगरानी भी करती है। समीक्षाधीन वर्ष के लिए, कंपनी ने सी.एस.आर गतिविधियों के लिए 118.21 लाख रुपये का व्यय किया है।

कंपनी की सी.एस.आर संबंधी क्रियाकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट जिसमें कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के अंतर्गत सी.एस.आर समिति की संरचना शामिल है, **अनुलग्नक-1** के रूप में संलग्न है।

लेखापरीक्षकगण

सांविधिक लेखापरीक्षकगण: भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक ने पत्र संख्या CA.V/COY/केंद्र सरकार, एन्ट्रिक्स (1)/150 दिनांक 12 सितम्बर, 2023 के माध्यम से मेसर्स ए. जॉन मोरिस एंड कंपनी, सनदी लेखाकार को 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखा की लेखा परीक्षा करने के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया।

आंतरिक लेखापरीक्षक: आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा करने के लिए मेसर्स राव एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार, बेंगलूरु को नियुक्त किया।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणी

31 मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखा पर की गई टिप्पणी जैसे ही प्राप्त होती है तो इसे प्रबंधन के उत्तर, यदि कोई हो, सहित इस रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा और उसे सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ वार्षिक आम बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

सावधि जमा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने जनता से किसी प्रकार की जमा को न तो आमंत्रित किया है और न ही स्वीकार किया है।

राजकोष में योगदान

आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान लाभांश, शुल्क और कर के रूप में ₹ 9,529.11 लाख की राशि का योगदान दिया, जबकि पिछले वर्ष यह राशि ₹ 9,811.33 लाख थी।

सूचना के अधिकार संबंधी अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन

आर.टी.आइ अधिनियम 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण के रूप में एन्ट्रिक्स ने समीक्षा अवधि के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन जारी रखा। आपकी कंपनी ने निर्धारित समय सीमा के भीतर 53 आर.टी.आइ आवेदनों और 01 अपील के संबंध में अपेक्षित जानकारी प्रदान करके अधिनियम के तहत अपने दायित्वों को पूरा किया था। इसके अलावा, आर.टी.आइ आवेदनों/अपीलों की तिमाही रिपोर्ट समय पर केंद्रीय सूचना आयोग (सी.आइ.सी) को प्रस्तुत की गई थी। नागरिकों तक सूचना की पहुँच सुनिश्चित करने और कंपनी के दर्शन और कॉर्पोरेट शासन के एक हिस्से के रूप में, आपकी कंपनी की वेबसाइट पर पूर्वपहल प्रकटीकरण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने वर्ष 2023-24 के लिए सी.आइ.सी द्वारा यथाअधिदेशित आर.टी.आइ अधिनियम, 2013 के अंतर्गत पूर्वपहल प्रकटीकरण का लेखापरीक्षण संतोषजनक रूप से पूरा कर लिया था।

कर्मचारियों के विवरण

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के दिनांक 05 जून, 2015 की अधिसूचना सं, जी.एस.आर 463 (ई) के अनुरूप सरकारी कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 एवं उसके नियमों से छूट मिली हुई है।

मानव संसाधन विकास एवं आरक्षण

एन्ट्रिक्स में अभी कुल 13 स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। ग्रुप-ए: व्यवसाय खंड-03; ग्रुप-ए: प्रशासन-06; ग्रुप-बी: प्रशासन-02 और ग्रुप-सी: प्रशासन 02] जिसमें वर्ष के दौरान 02 कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर गए हैं। कर्मचारियों की इस कुल संख्या में 4 महिला कर्मचारी शामिल हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) और विकलांग व्यक्तियों से संबंधित व्यक्ति तीन थे।

प्रशिक्षण एवं विकास

वर्ष के दौरान, कर्मचारियों को आवश्यक कौशल प्राप्त करने तथा प्रतिभा अधिग्रहण और कैरियर प्रगति में उनकी सहायता करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए गए।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एम.एस.ई. एस) से क्रय

कंपनी मुख्य रूप से अंतरिक्ष उद्योग और इसके परियोजना प्रबंधन से संबंधित उत्पादों एवं सेवाओं के व्यावसायीकरण में शामिल है। कंपनी ने सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में TReDS प्लेटफॉर्म, एमएसएमई समाधान और सरकारी ई-मार्केट स्थल (जी.ई.एम) पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत किया है। वर्ष 2023-24 के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से उत्पादों एवं सेवाओं का क्रय 76.36% रही, जो ₹ 78.16 लाख है।

पुरस्कार/प्रशंसा

आपकी कंपनी को वर्ष 2022-23 के दौरान 1 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये के बीच क्रय श्रेणी के तहत एससी/एसटी एम.एस.ई से सार्वजनिक क्रय में उच्चतम प्रतिशत हासिल करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है।

जोखिम प्रबंधन नीति

एन्ट्रिक्स के पास मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति है तथा एन्ट्रिक्स में विभिन्न प्रक्रियाओं से जुड़े जोखिमों पर भी जोखिम संचालन समिति और लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में चर्चा की जाती है

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन एवं विदेशी मुद्रा का अर्जन तथा निर्गम पर रिपोर्ट

ऊर्जा संरक्षण एवं प्रौद्योगिकी समावेशन संबंधी दी जाने वाली सूचना **शून्य** है, क्योंकि कंपनी ने प्रत्यक्ष रूप से न तो किसी ऊर्जा का उपयोग किया है और न ही किसी विदेशी प्रौद्योगिकी का आयात किया है। विदेशी मुद्रा अर्जन और निर्गम की रिपोर्ट अनुलग्नक-2 के रूप में संलग्न है।

राजभाषा कार्यान्वयन

राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी नीतिगत दिशा-निर्देशों के अनुसार, कंपनी सभी स्तरों पर हिन्दी के प्रयोग को लागू कर रही है। कर्मचारियों को नियमित रूप से कार्यशालाओं और प्रशिक्षणों के लिए भेजा जाता है।

आपकी कंपनी 'सोलिस' (अंतरिक्ष राजभाषा कार्यान्वयन योजना) को लागू कर रही है, जो कर्मियों को अपना अधिकतम सरकारी काम हिन्दी में करने के लिए प्रेरित करती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें कार्यसूची की बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई है।

आपकी कंपनी की वेबसाइट वर्तमान में हिन्दी और अँगरेज़ी दोनों में उपलब्ध है।

आपकी कंपनी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आने वाले वर्षों में भी अधिक से अधिक योगदान देने की इसी भावना और स्फूर्ति को बनाए रखेगी।

आभारोक्ति

आपके निदेशकगण, अपने उत्पादों और सेवाओं के ग्राहकों तथा अन्य प्रयोक्ताओं से प्राप्त सहायता के लिए आभार प्रकट करने में अतीव प्रसन्नता महसूस करते हैं और आगामी वर्षों में भी उनसे सहायता की आशा करते हैं । आपके निदेशकगण, अन्य सरकारी विभागों तथा एजेंसियों, बैंकरों एवं उद्योगों से प्राप्त सहयोग एवं सहायता के लिए उनका भी विशेष आभार प्रकट करते हैं । आपके निदेशकगण, वर्ष के दौरान, कंपनी के विक्रेताओं, बैंकरों, सी एवं ए.जी, सांविधिक/आंतरिक लेखापरीक्षकगण, अध्यक्ष-लेखापरीक्षण समिति, मंडल की अन्य उपसमितियों के अध्यक्ष, सलाहकार, परामर्शदाता आदि से निरंतर मिलने वाले सहयोग और मार्गदर्शन के लिए अपने हार्दिक आभार प्रकट करते हैं।

आपके निदेशकगण, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के सफलतापूर्वक प्रचालन के लिए अंतरिक्ष विभाग, विविध इसरो केंद्रों एवं आपकी कंपनी के अधिकारियों एवं कार्मिकों के सहयोग और योगदान के लिए उनकी सराहना करते हैं ।

कृते निदेशक मंडल एवं
उनकी ओर से

हस्ता/-

(संजय कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)
/निदेशक (वित्त)

स्थान : बेंगलूरु
तिथि : 21 जून 2024

अनुलग्नक-02

31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए विदेशी मुद्रा अर्जन एवं निर्गम (वास्तविक) निम्नानुसार हैं:

(राशि लाख में)

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विदेशी मुद्रा अर्जन एवं निर्गम के विवरण			
	यूएसडी	**यूरो**	**समतुल्य राशि ₹ लाख में**
विदेशी मुद्रा अर्जन			
निर्यात से	2.65	-	219.17
तकनीकी परामर्शिता से	5.04	-	418.12
कुल	**7.69**	**-**	**637.30**
विदेशी मुद्रा निर्गम			
यात्रा के एवज़ में	-	0.01	1.20
आयात की लागत के एवज़ में	5.41	5.51	948.92
तकनीकी सेवाओं के एवज़ में	24.99	-	2078.89
अन्य सेवाओं (विधिक) के एवज़ में	6.29	2.81	778.67
कुल	**36.69**	**8.33**	**3807.68**

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर प्रबंधन की प्रतिक्रिया

क्र.सं.	लेखापरीक्षकों की टिप्पणियाँ	प्रबंधन की प्रतिक्रिया
1.	वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक लेखा पर लेखापरीक्षक की कोई टिप्पणी नहीं है	लागू नहीं

कॉर्पोरेट शासन रिपोर्ट

1. कॉर्पोरेट शासन पर दिशानिर्देश संबंधी कंपनी के दर्शन पर संक्षिप्त रिपोर्ट

1.1. कंपनी कॉर्पोरेट शासन पर अधिक बल देती है। कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि उत्तम कॉर्पोरेट शासन की नीतियाँ एवं व्यवहार वह बुनियाद होते हैं जिन पर कॉर्पोरेट संस्था का निर्माण होता है और इसकी नीतियाँ एवं योजनाएँ कॉर्पोरेट संस्था की सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

2. निदेशकमंडल

2.1 मंडल सदस्यों की संरचना एवं विवरण:

2.1.1 एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मंडल के सदस्यगण अच्छा कॉर्पोरेट शासन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंडल में पर्याप्त संख्या में कार्यपालक और ग़ैर-कार्यपालक सदस्य शामिल हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मंडल में एक महिला निदेशक रही है। निदेशकों के बीच कोई परस्पर संबंध नहीं हैं। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मंडल की संरचना निम्नवत हैं:

(क) प्रकार्यात्मक/पूर्णकालिक निदेशकगण:

(i) श्री संजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त)

(ख) अंशकालिक पदाधिकारी/सरकारी नामित निदेशकगण:

(i) डॉ. एम सुब्रमण्यम, संयुक्त सचिव (ई.पी एवं एल), अंतरिक्ष विभाग

(ii) श्रीमती जी. जयंती, संयुक्त सचिव (वित्त), अंतरिक्ष विभाग (31.3.2024 तक)

(ग) अंशकालिक ग़ैर-सरकारी/स्वतंत्र निदेशकगण:

(i) डॉ. अजीत टी कलघटगी, पूर्व-निदेशक (आर एवं डी), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलूरु

(ii) श्री कमल बाली, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, वॉल्वो ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

(घ) अंशकालिक ग़ैर-सरकारी/नामित निदेशकगण:

(i) श्री शांतनु भाटवडेकर, वैज्ञानिक सचिव, इसरो मुख्यालय

(ii) श्री एम. मोहन, निदेशक, एच.एस.एफ.सी, बेंगलूरु

2.1.2 कंपनी के वर्तमान संस्था विधान भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सभी निदेशकों की नियुक्ति का प्रावधान प्रदान करते हैं। नियुक्त निदेशकगण अपने-अपने कार्यक्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियाँ हैं। कंपनी के इन निदेशकों में कोई भी दस से अधिक समितियों के सदस्य नहीं रहे थे या वर्ष के दौरान, सभी सूचीबद्ध प्रतिष्ठानों की पाँच समितियों के अध्यक्ष पद को सुशोभित नहीं किया है जिनमें वे निदेशक रहे/रही हैं। वर्ष के दौरान, कंपनी के किसी स्वतंत्र निदेशक ने सात से अधिक कंपनी में निदेशक का पदभार ग्रहण नहीं किया।

2.1.3 अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं प्रकार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा होती है, पहले 5 वर्ष के लिए या अधिवर्षिता की आयु तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो। उसके बाद सेवा-विस्तार कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) की स्वीकृति से होती है। स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति एसीसी द्वारा की जाती है, पहले 3 वर्षों के लिए या अगले आदेश तक जो

भी पहले हो। इस निमित्त कोई सेवा-विस्तार या पुनर्नियुक्ति भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देश के अनुरूप होती है।

3. मंडल की बैठक एवं उनमें उपस्थिति:

3.1 रिपोर्ट के अंतर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान मंडल की चार (4) बार बैठकें हुईं। वित्तीय वर्ष के दौरान, सभी मंडलीय बैठकों में निदेशकगण की औसत उपस्थिति 82% रही है। इन बैठकों की तिथि और निदेशकगण की उपस्थिति निम्नवत हैं:

क्र.सं.	बैठकों की सं.	बैठकों की तिथि	मंडलीय सदस्यों की सं.	उपस्थित निदेशकों की सं.
1.	134	05.07.2023	7	6
2.	135	22.09.2023	7	6
3.	136	14.12.2023	7	6
4.	137	01.03.2024	7	5

अनुलग्नक । (क) में व्यक्तिगत निदेशकों की उपस्थिति संलग्न है।

3.2 मंडल के सभी सदस्यों ने मंडल में उनकी नियुक्ति के समय या नियुक्ति के बाद अपने मालिकाना, साझेदारी या किसी कंपनी में अपने वैयक्तिक,आधिकारिक और अन्य मौद्रिक संबंधों, चाहे वे निजी हों या अपने सगे-संबंधियों से जुड़ी हों, की जानकारी मंडल को दे रखी है। ऐसे प्रकटीकरण की पुनरुक्ति प्रति वर्ष की जाती है। मंडलीय बैठक में किए गए ऐसे प्रकटीकरण निम्नवत प्रस्तुत हैं:

क्रम सं.	निदेशकों का नाम	संकाय/कॉर्पोरेट जिनसे निदेशक का संबंध है	संबंधों की प्रकृति
1.	श्री संजय कुमार अग्रवाल	शून्य	-
2.	श्रीमती जी जयंती	शून्य	-
3.	डॉ . एम. सुब्रमण्यम	न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड	नामित निदेशक
4.	श्री शांतनु भाटवडेकर	शून्य	-
5.	श्री एम मोहन	शून्य	-
6.	डॉ. अजीत टी. कलघटगी	1. एवेंटेल लिमिटेड	स्वतंत्र निदेशक
		2. आइआइटीटी एनआइएफ (आइआइटी तिरूपति नवविस्कर – आइ हब फाउंडेशन)	स्वतंत्र निदेशक
7.	श्री कमल बाली	1. वोल्वो ग्रुप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
		2. वोल्वो फाइनेंशियल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड	निदेशक
		3. भारत में स्वीडिश चैंबर ऑफ कॉमर्स	अध्यक्ष एवं बोर्ड सदस्य
		4. जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट	निदेशक
		5. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइ आइ टी), गांधीनगर	शासी मंडल
		6. इन्वेस्ट कर्नाटक फोरम बोर्ड, कर्नाटक सरकार	निदेशक
		7. जेवियर एमलियोन ग्लोबल स्कूल ऑफ बिजनेस	निदेशक

3.3 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान निदेशकों के मध्य परिचालन के माध्यम से कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया गया।

4. आम बैठक :

4.1 पिछले 3 वर्षों में कंपनी की वार्षिक आम बैठकों के विवरण निम्नवत् हैं:

एजीएम की संख्या	वित्तीय वर्ष	बैठकों की तिथि	बैठक का स्थान
29	2020-21	24-09-2021	मेसर्स एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय,अंतरिक्ष भवन, न्यू बी.ई.एल रोड, बेंगलूरु – 560 094.
30	2021-22	26-09-2022	
31	2022-23	22-09-2023	

अनुलग्नक । (क) में व्यक्तिगत निदेशकों की उपस्थिति संलग्न है।

4.2 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान कंपनी ने " डाक मत पत्र " के माध्यम से कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया है।

5. मंडलीय समितियाँ, उनकी सीमाएँ एवं उनकी बैठकें:

5.1 31 मार्च, 2023 तक एन्ट्रिक्स की चार (4) निम्नलिखित मंडल की समितियाँ हैं:

5.2 लेखापरीक्षण समिति (ए.सी):

5.2.1 प्रशासकीय मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप वर्ष 2013 में कंपनी के निदेशकमंडल द्वारा मौलिक लेखापरीक्षण समिति का गठन हुआ। बाद में, सार्वजनिक उद्यम विभाग (डी.पी.ई), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप यह कार्य करता रहा है।

5.2.2 लेखापरीक्षण समिति, कंपनी अधिनियम, 2013; समय-समय पर यथा संशोधित डी.पी.ई. दिशानिर्देशों के अंतर्गत लागू प्रावधानों में उल्लिखित संदर्भ-शर्तों का अनुपालन करती है।

5.2.3 लेखापरीक्षण समिति, फिलहाल, तीन (3) सदस्यों यानी मंडल के दो (02) स्वतंत्र निदेशकों एवं एक (01) नामित निदेशक के साथ काम कर रही है। सांविधिक लेखापरीक्षक और निदेशक (वित्त) बैठक में स्थायी तौर पर आमंतृत किए जाते हैं। लेखापरीक्षण समिति के सभी सदस्यगण, विशेषकर अध्यक्ष के पास लेखाविधि का अच्छा ज्ञान और वित्तीय मामलों में विशेषज्ञता है। कंपनी की आंतरिक/सांविधिक लेखापरीक्षण करने वाली बाहरी लेखापरीक्षक प्रतिष्ठान के प्रतिनिधियों के साथ समिति नियमित रूप से संपर्करत रहती है और वित्त संबंधी मामलों का हिसाब-किताब रखती है।

5.2.4 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान गठित लेखापरीक्षण समिति का विवरण निम्नवत है:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	पद	नियुक्ति की तिथि या समिति में परिवर्तन
1.	श्री कमल बाली	अध्यक्ष	02 अगस्त 2019 से
2.	डॉ. अजीत टी कलघटगी	सदस्य	02 अगस्त 2019 से
3.	श्री एम. मोहन	सदस्य	15 फरवरी 2023 से

समिति के सचिव की भूमिका कंपनी सचिव निभाते हैं।

5.2.5 लेखापरीक्षण समिति की बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने वाले स्वतंत्र निदेशकों की कार्यवाह संख्या दो (2) है। किसी वित्तीय वर्ष के दौरान लेखापरीक्षण समिति की बैठक कम-से-कम चार (4) बार आहूत होनी चाहिए और दो बैठकों के बीच समयांतर 120 दिनों से अधिक नहीं होना चाहिए।

5.2.6 लेखापरीक्षण समिति के अध्यक्ष और/या अन्य स्वतंत्र ग़ैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक जो लेखापरीक्षण समिति के सदस्य भी हैं को डी.पी.ई के दिशानिर्देश एवं इण्ड ए.एस 24 के अंतर्गत यथा विचारित संबंधित पक्ष अंतरण हेतु पूर्व स्वीकृति के लिए उत्तरदायी व्यक्ति(यों) के रूप में पदनामित किए गए हैं।

5.2.7 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान लेखापरीक्षण समिति की चार (4) बैठकें आयोजित की गईं। वित्तीय वर्ष के दौरान लेखापरीक्षण समिति की सभी बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति 75% रही है। ऐसी बैठकों की आयोजन तिथि और उनमें उपस्थित निदेशकों/सदस्यों के विवरण निम्नवत् हैं:

क्र.सं	बैठकों की सं.	तिथि	समिति के सदस्यों की सं.	उपस्थित निदेशकों की सं.
1.	23	05.07.2023	3	3
2.	24	12.09.2023	3	2
3.	25	30.11.2023	3	2
4.	26	27.03.2024	3	2

अनुलग्नक । (ख) में व्यक्तिगत निदेशकों की उपस्थिति संलग्न है।

5.3 नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एन.आर.सी):

5.3.1 कार्यपालकों और कार्मिकों के लिए परिवर्तनीय वेतन के वितरण हेतु नियम प्रतिपादित कर निर्णय करने के लिए दिनांक 24 दिसम्बर, 2013 को निदेशकमंडल द्वारा मौलिक रूप से इस समिति का गठन किया गया।

5.3.2 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान गठित नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का विवरण निम्नवत् है:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	पद	नियुक्ति की तिथि या समिति में परिवर्तन
1.	डॉ. अजीत टी कलघटगी	सदस्य अध्यक्ष	02 अगस्त 2019 से 15 फरवरी 2023 से
2.	श्री कमल बाली	सदस्य	29 नवम्बर 2019 से
3.	श्री एम. मोहन	सदस्य	15 फरवरी 2023 से

समिति के सचिव की भूमिका कंपनी सचिव निभाते हैं।

5.3.3 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान पारिश्रमिक समिति की दो (02) बैठक आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष के दौरान नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की सभी बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति 67% रही है। ऐसी बैठकों की आयोजन तिथि और उनमें उपस्थित निदेशकों/सदस्यों के विवरण निम्नवत् हैं:

क्र.सं	बैठकों की सं.	तिथि	समिति के सदस्यों की सं.	उपस्थित निदेशकों की सं.
1	4वीं	12.09.2023	3	2
2	5वीं	07.11.2023	3	2

अनुलग्नक । (ग) में व्यक्तिगत निदेशकों की उपस्थिति संलग्न है।

5.4 कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास समिति (सी.एस, आर एवं एस.डी):

5.4.1 अप्रैल 2010 के दौरान, सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए, मंडल द्वारा "कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत विकास समिति" (सी.एस.आर एवं एस.डी) नामक एक समिति का गठन किया गया। एन्ट्रिक्स की सी.एस.आर नीति के अनुरूप सी.एस.आर. क्रियाकलाप संचालित किए जाते हैं।

5.4.2 रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान गठित सी. एस.आर एवं एस.डी समिति का विवरण निम्नवत् है:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	पद	नियुक्ति की तिथि या समिति में परिवर्तन
1.	डॉ. अजीत टी कलघटगी	अध्यक्ष	02 अगस्त 2019 से
2.	श्री संजय कुमार अग्रवाल	सदस्य	02 अगस्त 2019 से
3.	श्री कमल बाली	सदस्य	15 फरवरी 2023 से

समिति के सचिव की भूमिका कंपनी सचिव निभाते हैं।

5.4.3 वर्ष 2023-24 के दौरान रिपोर्ट के अंतर्गत सी. एस.आर एवं एस.डी समिति की चार (04) बैठकें आयोजित की गईं। वित्तीय वर्ष के दौरान सभी सी.एस.आर बैठकों में निदेशकों की औसत उपस्थिति 67% थी। इन बैठकों के विवरण निम्नवत् हैं:

क्र.सं	बैठकों की सं.	तिथि	समिति के सदस्यों की सं.	उपस्थित निदेशकों की सं.
1	27	22.06.2023	3	2
2	28	18.08.2023	3	2
3	29	22.12.2023	3	2
4	30	07.03.2024	3	2

अनुलग्नक I (ख) में व्यक्तिगत निदेशकों की उपस्थिति संलग्न है।

6 निदेशकों की जोखिम प्रबंधन समिति

निदेशक मंडल ने 22.9.2023 को आयोजित अपनी बैठक में कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति को संशोधित करते हुए मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(i) डॉ. अजीत कलघटगी, स्वतंत्र निदेशक एवं समिति के अध्यक्ष

(ii) श्रीमती जी जयंती, नामित निदेशक - सदस्य (22.9.2023 से 31.3.2024 तक)

(iii) श्री एम मोहन, नामित निदेशक – सदस्य

(iv) श्री संजय कुमार अग्रवाल, निदेशक (वित्त)/अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक – सदस्य

वर्ष के दौरान इस समिति की कोई बैठक नहीं हुई। हालाँकि, निदेशक (वित्त)/ अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में जोखिम संचालन समिति की बैठक 26.3.2024 को आयोजित की गई थी।

7 कंपनी अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक 30.11.2023 को आयोजित की गई, जिसमें दोनों स्वतंत्र निदेशकों ने भाग लिया।

8 निदेशकों और वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए व्यावसायिक आचार संहिता एवं नैतिकता

8.1 कॉर्पोरेट शासन से संबंधित दिशा-निर्देश तैयार करते समय अप्रैल, 2010 में सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा व्यवसाय आचार संहिता और नैतिकता का पुनरीक्षण किया गया। इस संहिता को एन्ट्रिक्स द्वारा अपने निदेशकों और वरिष्ठ स्तर के कार्यपालकों के लिए अपनाया गया।

8.2 वर्ष के दौरान रिपोर्ट के अंतर्गत निदेशकों ने आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि करते हुए घोषणाएँ की हैं।

8.3 कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक द्वारा जारी की गई ऐसे अनुपालन की घोषणा निम्नवत् है:

9 अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक द्वारा घोषणा:

एतद् द्वारा यह घोषणा की जाती है कि 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए सभी मंडल सदस्यों ने "एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मंडल सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यावसायिक आचार संहिता एवं नैतिकता " के अनुपालन की पुष्टि की है।

10 मंडल के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण:

एन्ट्रिक्स के मंडल के सदस्यगण वरिष्ठ कार्यपालक हैं जिनके पास शिक्षा, उद्योग, प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं प्रशासन के विस्तृत और विविध अनुभव हैं। एन्ट्रिक्स उनकी दूरदर्शिता और उनके ज्ञान से लाभान्वित हुआ है। मंडल में शामिल किए जाने के बाद कंपनी के निष्पादन, व्यवसाय के प्रारूप, कॉर्पोरेट की योजना एवं भविष्य के दृष्टिकोण से उन्हें प्रस्तुति के माध्यम से अवगत कराया जाता है। इसके अलावा, मंडल/ समिति/अन्य बैठकों के दौरान व्यवसाय से संबंधित मामलों पर वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक/पेशेवर व्यक्तियों/सलाहकारों द्वारा विस्तृत प्रस्तुति दी जाती है। प्रभावोत्पादकता बढ़ाने के लिए निदेशकों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पहचान करने और उनमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मंडल ने निदेशकों के प्रशिक्षण हेतु एक नीति भी अपनाई है।

11 प्रकटीकरण:

(i) वर्ष के दौरान, निदेशकों या वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों या उनके परिजनों के साथ कंपनी के विद्यमान नियमों के अनुरूप वेतन, शुल्क, लागू अधिक लाभ के सिवाय किसी भी प्रकार की सामग्री और विशिष्ट प्रकृति के सामानों की लेन-देन नहीं हुई थी जिस कारण कंपनी के हित के साथ कोई भारी खिलवाड़ हुआ हो या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के प्रावधानों को लागू करने की आवश्यकता महसूस हुई हो।

(ii) कंपनी के लिए लागू होने वाले सभी कॉर्पोरेट कानून, नियम एवं विनियम के अनुपालन से संबंधित स्थिति की रिपोर्ट मंडल के समक्ष सूचना एवं समीक्षा के लिए प्रस्तुत की जाती है।

(iii) वर्ष के दौरान, सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों से संबंधित किसी भी मामले पर किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी पर कोई शास्ति और आक्षेप नहीं डाले गए थे।

(iv) एक औपचारिक सूचना प्रदाता नीति लागू की गई है। रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष के दौरान लेखापरीक्षण समिति के सदस्यों या इसके अध्यक्ष के पास जाने से किसी भी कार्मिक को रोका नहीं गया है।

(v) कंपनी में लागू विद्यमान मान्य नियमों के सिवाय वित्तीय विवरणी में कोई भी व्यय-मद शामिल नहीं किया गया जो मंडल के किसी सदस्य या कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत हो।

(vi) पिछले वर्ष के 36.73% की तुलना में इस वर्ष के प्रशासनिक एवं कार्यालय व्यय 11.76% रहे हैं। वर्ष के दौरान व्यय में कमी का मुख्य कारण कंपनी के विरुद्ध विभिन्न कानूनी कार्यवाहियों पर व्यय की जाने वाली विधिक शुल्क में कमी तथा राजस्व की उच्च लागत है।

(vii) वित्तीय विवरणी में कोई भी व्यय-मद शामिल नहीं किया गया जो व्यवसाय के लिए नहीं किया गया हो। वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन या प्रतिबद्धता नहीं हुए हैं जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति प्रभावित हुई हो।

(viii) कंपनी ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पी.एस.यू) के संचालन संबंधी केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी राष्ट्रपति जी के सभी निर्देशों का अनुपालन किया है।

12 प्रमाणपत्र:

प्रशासनिक मंत्रालय (अंतरिक्ष विभाग) को प्रत्येक तिमाही में कॉर्पोरेट शासन संबंधी दिशानिर्देशों के अनुपालन के बारे में वास्तविक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाती है।

13 संचार:

संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाने से पहले कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट इसकी वेबसाइट: www.antrix.co.in पर प्रस्तुत की जाती है। कंपनी की वेबसाइट पर सभी आधिकारिक सूचनाएँ भी प्रदर्शित की जाती हैं।

14 जोख़िम प्रबंधन नीति:

कंपनी के मंडल द्वारा स्वीकृत जोखिम प्रबंधन नीति है जिसकी विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

15 लेखापरीक्षण योग्यता:

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट हेतु प्रबंधन के उत्तर के साथ संलग्न है।

अनुलग्नक – I (क)

वर्ष के दौरान आयोजित बैठक और उनमें निदेशकों की उपस्थिति का विवरण:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	मंडल		वर्ष के दौरान आयोजित वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति
		बैठकों की कुल सं. जिसमें शामिल होना आवश्यक था	बैठकों की सं. जिनमें शामिल हुए	
1.	श्री संजय कुमार अग्रवाल	4	4	हाँ
2.	डॉ. एम. सुब्रमण्यम	4	4	हाँ
3.	श्रीमती जी जयंती	4	4	हाँ
4.	श्री शांतनु भटावडेकर	4	2	हाँ
5.	श्री एम मोहन	4	4	हाँ
6.	डॉ. अजीत टी. कलघटगी	4	4	हाँ
7.	श्री कमल बाली	4	1	नहीं

अनुलग्नक – I (ख)

वर्ष के दौरान आयोजित मंडल की समितियों की बैठक और उनमें निदेशकों की उपस्थिति का विवरण:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति		लेखा परीक्षण समिति	
		बैठकों की कुल सं. जिनमें शामिल होना आवश्यक था	बैठकों की सं जिनमें शामिल हुए	बैठकों की कुल सं. जिनमें शामिल होना आवश्यक था	बैठकों की सं जिनमें शामिल हुए
1.	श्री संजय कुमार अग्रवाल	4	4	लागू नहीं	-
2.	श्री एम. सुब्रमण्यम	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	-
3.	श्रीमती जी जयंती	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	-
4.	श्री शांतनु भटावडेकर	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	-
5.	श्री एम मोहन	लागू नहीं	लागू नहीं	4	1
6.	डॉ. अजीत टी. कलघटगी	4	4	4	4
7.	श्री कमल बाली	4	-	4	4

अनुलग्नक – I (ग)

वर्ष के दौरान आयोजित मंडल की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की बैठक और उनमें निदेशकों की उपस्थिति का विवरण:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	बैठकों की कुल सं. जिनमें शामिल होना आवश्यक था	बैठकों की सं जिनमें शामिल हुए
1.	श्री संजय कुमार अग्रवाल	लागू नहीं	लागू नहीं
2.	श्री एम. सुब्रमण्यम	लागू नहीं	लागू नहीं
3.	श्रीमती जी जयंती	लागू नहीं	लागू नहीं
4.	श्री शांतनु भटावडेकर	लागू नहीं	लागू नहीं
5.	श्री एम मोहन	2	1
6.	डॉ. अजीत टी. कलघटगी	2	2
7.	श्री कमल बाली	2	1

वर्ष 2023-24 के लिए सी.एस.आर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट

1. कंपनी की सी.एस.आर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा

कंपनी की सी.एस.आर नीति का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:-

(i) सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रणालियों में मुद्दों की पहचान करना और उन मुद्दों को हल करने के लिए कंपनी की विशेषज्ञता और संसाधनों का लाभ उठाना।

(ii) सभी स्तरों पर कर्मचारियों के लिए सी.एस.आर और स्थिरता की भावना पैदा करना और अधिक से अधिक भागीदारी को प्रेरित करना।

(iii) समाज के सभी वर्गों के विकास और विकास के उद्देश्य से गतिविधियाँ करना।

2. सी.एस.आर समिति का गठन:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम/निदेशकत्व के प्रकार	वर्ष के दौरान सी.एस.आर बैठकों के आयोजन की संख्या	वर्ष के दौरान सी.एस.आर समिति की बैठकों की संख्या जिसमें शामिल हुए
क	डॉ. अजीत टी कलघटगी	अध्यक्ष/स्वतंत्र निदेशक	4	4
ख	श्री संजय कुमार अग्रवाल	सदस्य/कार्यकारी निदेशक	4	4
ग	श्री कमल बाली	सदस्य/ स्वतंत्र निदेशक	4	0

3. वे वेबलिंक प्रदान करें जहाँ कंपनी की वेबसाइट पर सी.एस.आर समिति का गठन, सी.एस.आर नीति एवं मंडल द्वारा अनुमोदित सी.एस.आर परियोजनाएँ प्रकट की गई हैं:

(i) सी.एस.आर समिति का गठन –
- https://www.antrix.co.in/sites/default/files/u59/CSR%20Committee-1.pdf

(ii) सी.एस.आर नीति
-https://www.antrix.co.in/sites/default/files/REVISED%20CSRSD%20Policy%20-22.09.2023_0.pdf

4. अगर लागू हो तो, कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 8 के उप नियम (3) का अनुसरण करते हुए क्रियान्वित सी.एस.आर परियोजनाओं के प्रभाव आकलन से संबंधित विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें (रिपोर्ट संलग्न करें)|

विगत तीन वित्त वर्षों में, अधिनियम की धारा 135 की उपधारा (5) का अनुसरण करते हुए कंपनी के पास दस करोड़ रुपये या अधिक के औसतन सी.एस.आर दायित्व नहीं थे इसलिए सी.एस.आर परियोजनाओं का प्रभाव आकलन नहीं किया गया था|

5. कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 7 के उप नियम (3) का अनुसरण करते हुए व्यय हेतु उपलब्ध राशि एवं वित्त वर्ष के लिए व्यय हेतु अपेक्षित राशि, अगर कोई हो, तो उसका विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें|

क्र.सं.	वित्त वर्ष	विगत वित्त वर्ष से व्यय हेतु उपलब्ध राशि (₹ लाख में)	वित्त वर्ष के लिए व्यय हेतु अपेक्षित राशि, अगर कोई हो (₹ लाख में)
1	2023-24	0.35	0.35

6. धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी का शुद्ध लाभ - ₹ 6519.40 लाख

7. (क) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत - ₹ 130.40 लाख

(ख) पिछले वित्तीय वर्षों की सी.एस.आर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या गतिविधियों से उत्पन्न अधिशेष - ₹ 16.09 लाख

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित की जाने वाली राशि, यदि कोई हो - ₹ 28.63 लाख

(घ) वित्तीय वर्ष (6क+6ख-6ग) के लिए कुल सी.एस.आर दायित्व - ₹ 117.86 लाख

8. (क) वित्त वर्ष के लिए व्यय की गई या व्यय नहीं की गई राशि का ब्योरा:

वित्त वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि (₹ लाख में)	व्यय नहीं की गई राशि (₹ लाख में)				
	धारा 135(6) के अनुसार व्यय नहीं की गई सी.एस. आर लेखा में अंतरित कुल राशि		धारा 135(5) के द्वितीय प्रावधान के अनुसार अनुसूची VII के अंतर्गत वर्णित किसी भी निधि में अंतरित कुल राशि		
	राशि	अंतरण की तिथि	निधि का नाम	राशि	अंतरण की तिथि
118.21	-	-	-	-	-

(ख) वित्त वर्ष के लिए जारी परियोजनाओं हेतु व्यय की गई सी.एस.आर राशि का ब्योरा **(अनुलग्नक -1)** - ₹ 63.38 लाख

(ग) वित्त वर्ष के लिए जारी परियोजनाओं के अलावा व्यय की गई सी.एस.आर राशि का ब्योरा **(अनुलग्नक -2)** - ₹ 54.83 लाख

(घ) प्रशासनिक मद हेतु व्यय की गई राशि - शून्य

(ङ) प्रभाव आकलन, यदि लागू हो, हेतु व्यय की गई राशि - शून्य

(च) वित्त वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि (7ख+7ग) - ₹ 118.21 लाख

(छ) व्यय हेतु अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो - ₹ 0.35 लाख

क्र.सं.	विवरण	राशि (₹ लाख में)
i.	धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत	130.40
ii.	वित्त वर्ष के लिए व्यय की गई कुल राशि	118.21
iii.	वित्त वर्ष के लिए व्यय की गई अतिरिक्त राशि [(ii)-(i)]	(12.19)
iv.	विगत वर्षों के सी.एस.आर परियोजनाओं या कार्यक्रमों या क्रियाकलापों के बावजूद बची हुई राशि, यदि कोई हो	12.54
v.	आगामी वित्त वर्षों में व्यय के लिए उपलब्ध राशि [(iii)-(iv)]	0.35

9. (क) विगत तीन वित्त वर्षों के लिए व्यय नहीं की गई सी.एस.आर राशि का ब्योरा:

क्र.सं.	विगत वित्त वर्ष	धारा 135(6) के अनुसार व्यय नहीं की गई सी.एस. आर लेखा में अंतरित राशि (₹ लाख में)	रिपोर्टिंग वित्त वर्ष में व्यय की गई राशि (₹ लाख में)	धारा 135(6) अनुसार अनुसूची VII के अंतर्गत वर्णित किसी भी निधि में अंतरित कुल राशि, यदि कोई हो			आगामी वित्तीय वर्षों में व्यय की जाने वाली शेष राशि (लाख में)
				निधि का नाम	राशि (₹ लाख में)	अंतरण की तिथि	
1	2020-21	-	820.53	-	-	-	(-) 0.53
2	2021-22	-	574.86	-	-	-	(-) 0.08
3	2022-23	-	324.79	-	-	-	(-) 28.63
	कुल		**1720.18**				

(ख) इस वित्त वर्ष में विगत वित्त वर्ष (वर्षों) के लिए जारी परियोजनाओं हेतु व्यय की गई सी.एस.आर राशि का ब्योरा **- शून्य**

10. पूँजी परिसम्पत्ति के सृजन या प्रापण के मामले में, वित्त वर्ष में व्यय की गई सी.एस.आर राशि से सृजित या प्राप्त परिसम्पत्ति का ब्योरा **- अनुलग्नक-3**

11. धारा 135 (5) के अनुसार अगर कंपनी ने अपने औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत व्यय नहीं कर पाई है तो उसके कारणों का उल्लेख करें **- लागू नहीं**

हस्ता /-

(संजय कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष-सह–प्रबंधक निदेशक (आतिरिक्त प्रभार)/
एवं निदेशक (वित्त)
डीआईएन: 08200144

हस्ता /-

(डॉ. अजीत कलघटगी)
अध्यक्ष, सीएसआर एवं एसडी समिति
डीआईएन: 05300252

₹ लाख में

अनुलग्नक -1

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चालू परियोजनाओं पर व्यय की गई सी.एस.आर राशि का विवरण

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)		(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	
क्र.सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना अवधि	परियोजना के लिए आबंटित राशि (रू. में)	वर्तनाम वित्त वर्ष में व्यय की गई राशि (रू. में)	धारा 135 (6) के अनुसार परियोजना में व्यय नहीं की गई सी.एस.आर लेखा में अंतरित राशि (रू. म)	कार्यान्वयन का माध्यम-प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन का माध्यम-कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा	
				राज्य	जिला						नाम	सी.एस.आर पंजीकरण संख्या
1	कोलार में 220 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को चिकित्सा उपकरण	(i) निवारक स्वास्थ्य और स्वच्छता सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना	हाँ	कर्नाटका	कोलार		20.00	20.00	-	हाँ	साईं आश्रय ट्रस्ट, बेंगलूरु के माध्यम से सीधे	
2	कर्नाटक के जिला अस्पतालों/सरकारी परिसरों में 5 सामुदायिक शौचालयों में सौर जल हीटर	(iv) पर्यावरणीय स्थिरता,पारिस्थिति की संतुलन, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना	हाँ	कर्नाटका	पूरा कर्नाटका		5.38	5.38	-	नहीं	सुलभ इंटरनेशनल सर्विस ऑर्गनाइजेशन , बेंगलूरु	
3	गडग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गडग को चिकित्सा उपकरण	(i) निवारक स्वास्थ्य और स्वच्छता सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना	हाँ	कर्नाटका	गदग		30.00	30.00	-	हाँ	जी.आई.एम.एस, गडग के माध्यम से सीधे	
4	गडग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, गडग को चिकित्सा उपकरण	(i) निवारक स्वास्थ्य और स्वच्छता सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना	हाँ	कर्नाटका	गदग		8.00	8.00	-	हाँ	जी.आई.एम.एस, गडग के माध्यम से सीधे	
			कुल				**63.38**	**63.38**				

₹ लाख में
अनुलग्नक-2

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए चालू परियोजनाओं के अलावा अन्य पर व्यय की गई सी.एस.आर राशि का विवरण

क्र.सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम की अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	स्थानीय क्षेत्र (हाँ/नहीं)	परियोजना का स्थान		परियोजना के लिए व्यय की गई राशि (रू. में)	कार्यान्वयन का माध्यम-प्रत्यक्ष (हाँ/नहीं)	कार्यान्वयन का माध्यम-कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा	
				राज्य	जिला			नाम	सी.एस.आर पंजीकरण संख्या
1	कर्नाटक के दावणगेरे जिले में संचालित 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को चिकित्सा उपकरण	(i) निवारक स्वास्थ्य और स्वच्छता सहित स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना	हाँ	कर्नाटका	दावणगेरे	34.27	हाँ	-	
2	सारदा चैरिटेबल क्लिनिक, देवघर, झारखंड (रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ) के लिए चिकित्सा उपकरण		नहीं	झारखंड	देवघर	9.11	हाँ		
3	शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए कार्यरत संगठन मार्गदर्शी, बेंगलूरु को एम्बुलेंस		हाँ	कर्नाटका	बेंगलूरु	11.45	हाँ		
					कुल	**54.83**			

₹ लाख में

अनुलग्नक -3

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सी.एस.आर के माध्यम से सृजित या अर्जित परिसंपत्तियों का विवरण

क्र.सं.	(क) पूंजीगत परिसंपत्ति(ओं) के सृजन या अर्जन की तिथि	(ख) पूंजीगत परिसंपत्ति के सृजन या अर्जन के लिए व्यय की गई सी.एस.आर राशि	(ग) उस संस्था या सार्वजनिक प्राधिकरण या लाभार्थी का विवरण जिसके नाम पर ऐसी परिसंपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदि।	(घ) सृजित या अर्जित पूंजीगत परिसंपत्ति(ओं) का विवरण प्रदान करें (पूंजीगत परिसंपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित)
1	06-01-2024	34.85	जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, दावणगेरे पता: एस ओ जी कॉलोनी, दावणगेरे औद्योगिक क्षेत्र, दावणगेरे, कर्नाटका 577003	डायलिसिस मशीन (2 संख्या), आईसीयू इलेक्ट्रिक कॉट (8 संख्या), ईसीजी मशीन (4 संख्या), कॉटरी मशीन (3 संख्या)
2	02-03-2024	9.54	रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ, रामकृष्ण नगर, देवघर, झारखंड-814112	पूर्णतः स्वचालित बायोकेमिस्ट्री विश्लेषक (1 संख्या), बायोसेंसर कार्ट्रिज आधारित इलेक्ट्रोलाइट विश्लेषक (1 संख्या), ईसीजी मशीन (1 संख्या)
3	28-03-2024	11.56	शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए संगठन -मार्गदर्शी, बेंगलूरु	ईको मारुति एम्बुलेंस

सरकारी ज़िला अस्पताल, बागलकोट, कर्नाटक में चिकित्सीय उपकरण का निरीक्षण

गदग आयुर्विज्ञान संस्थान, गदग, कर्नाटक में चिकित्सीय उपकरण का निरीक्षण

चन्नागिरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दावणगेरे ज़िला, कर्नाटक हेतु प्रायोजित चिकित्सीय उपकरण का निरीक्षण

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में, एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यगण

इण्ड ए.एस. वित्तीय विवरणी का लेखापरीक्षण पर रिपोर्ट

मत

हमने एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न स्व-पर्याप्त भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया है, जिसमें 31 मार्च, 2024 तक की तुलन पत्र, लाभ और हानि का विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), नकद प्रवाह विवरण और समाप्त वर्ष के लिए एक्विटी में परिवर्तन का विवरण, और भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों के लिए नोट्स, जिसमें महत्वपूर्ण लेखाविधि नीतियों का सारांश और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी शामिल है।

हमारे विचार से तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा अपेक्षित तरीके से जानकारी देते हैं और कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुरूप एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं, जैसा कि संशोधित ("भारतीय लेखा मानक") और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले अन्य लेखाविधि सिद्धांतों में बताया गया है, 31 मार्च 2024 तक कंपनी के मामलों की स्थिति और अन्य व्यापक आय सहित इसका लाभ, इसके नकदी प्रवाह और उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए एक्विटी में बदलाव परिलक्षित करती है।

मत का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत उल्लिखित लेखापरीक्षण मानक (ए.एस) के अनुरूप लेखापरीक्षण किया है। उन मानकों के अंतर्गत इण्ड ए.एस वित्तीय विवरणों के लेखापरीक्षण के लिए लेखापरीक्षकों के उत्तरदायित्व खंड के अंतर्गत अपने उत्तरदायित्व का वर्णन आगे प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में किया गया है। भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिक-संहिता के साथ-साथ कंपनी अधिनियम, 2013 एवं इसमें शामिल प्रावधानों के अनुरूप हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और इन आवश्यकताओं एवं नैतिक-संहिता के अनुरूप हमने अपना नैतिक दायित्व निभाया है।

हमें विश्वास है कि लेखापरीक्षण से संबंधित साक्ष्य जो हमने प्राप्त किया है वह इण्ड ए.एस. वित्तीय विवरणी के बारे में अपने लेखापरीक्षण-गंतव्य को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

तथ्यात्मक महत्ता

हम वित्तीय विवरणी में शामिल निम्नलिखित बातों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं :

क) इण्ड ए.एस के वित्तीय विवरणों में नोट 45(i) देवास मल्टी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एन्ट्रिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के खिलाफ दायर कानूनी मामले में हुई प्रगति के संदर्भ में है और वित्तीय वर्ष 2023-24 में दर्शाई गई राशि शून्य रुपए (पिछले वर्ष शून्य रुपए) है। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने 29 अगस्त, 2022 के अपने आदेश के तहत इस दावे को रद्द कर दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ और भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने क्रमशः 3 जुलाई, 2023 और 6 अक्टूबर, 2023 के अपने आदेशों के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली (एकल पीठ के आदेश) की वैधता की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप भारत में निर्णय को अंतिम रूप से रद्द कर दिया गया है।

ख) विदेशी न्यायालयों में देवास/देवास के निवेशकों/डी.एम.ए आइ द्वारा दायर मामलों से संबंधित नोट के नोट 45(ii) में विदेशी विधिक कार्यवाही के तहत विवरण प्रदान किए गए हैं।

ग) नोट संख्या 48 एवं 49 - ग्राहकों/विक्रेताओं से बाक़ी बची शेष राशि नहीं प्राप्त होने की पुष्टि एवं लंबित मिलान के कारण लाभ तथा हानि विवरण पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से संबंधित है।

घ) लंबित कर विवादों के अंतर्गत दावों से संबंधित नोट सं. 42(i)(क)(i) एवं ग़ैर-शामिल व्यापक ब्याज से संबंधित नोट सं. 50 तथा नोट सं. 42(i)(क)(i) के अंतर्गत कर माँग पर शास्ति से संबंधित है।

इन मामलों में हमारा गंतव्य किंचित भी परिवर्तित नहीं हुआ है ।

प्रमुख लेखापरीक्षण मामले

